# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 154 Cr.P.C.)**
**(प्रथम सूचना रिपोर्ट)**
**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत )**

1. **District (ज़िला):** STATE VIGILANCE AND **P.S.(थाना):** SIRMAUR(NAHAN) **Year(वर्ष):** 2022
   **FIR No(प्र.सू.रि.सं.):** 0005 **Date & Time of FIR (एफआईआर की तिथि / समय):** 24/03/2022 17:58 PM

2.

| S.No.(क्र.सं.) | Acts(अधिनियम ) | Sections(धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. **(a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** **Date From(दिनांक से):** **Date To(दिनांक तक):**
      **Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

   **(b) Information received at P.S.(थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ): Date(दिनांक):** 24/03/2022 **Time (समय):** 16:49 PM
   **(c) General Diary Reference (रोजानामचा संदर्भ): Entry No.(प्रविष्टि सं.):** 006 **Time (समय):** 24/03/2022 16:49 PM

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल ):**
   1. **(a) Direction and distance from P.S (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH-EAST, 42 Km(s) **Beat No(बीट सं.) :**
      **(b) Address(पता):**
      **(c) In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
      **Name of P.S(थाना का नाम):** **District(State)(ज़िला(राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**
   **(a) Name(नाम):** Chaman Lal
   **(b) Father's Name (पिता का नाम):** Manmohan Singh
   **(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि /वर्ष):** 1992 **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA
   **(e) UID No (यूआईडी सं.):**
   **(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
   **Date of Issue (जारी करने की तिथि ):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**
   **(g) Id details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN )**

| S.No.(क्र.सं.) | Id Type(पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number(पहचान संख्या) |
|---|---|---|

   **(h) Occupation (व्यवसाय):**

   **(i) Address(पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | VILLAGE-Bayas Kotri, TEHSIL-Paonta Sahib, PS-MAJRA, DISTRICT-SIRMAUR, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |
| 2 | **Permanent Address** | VILLAGE-Bayas Kotri, TEHSIL-Paonta Sahib, PS:MAJRA, DISTRICT-SIRMAUR, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |

   **(j) Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/ संदिग्ध /अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन ):**
   **Accused More Than (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हों तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) | Parmanent Address (स्थाई पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Rita Gupta | | VILLAGE-Secretary GP Kotri Bayas ,PS-MAJRA,DISTRICT-SIRMAUR,STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA | VILLAGE-Secretary GP Kotri Bayas , TEHSIL-Paonta Sahib,PS-MAJRA, DISTRICT-SIRMAUR,STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (संपत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ती के प्रकार) | Nature Property (प्रकृति संपत्ति) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|---|

10. **Total value of property stolen (In Rs/-) (चोरी हुई सम्पत्ति का कुल मूल्य (रु में) ):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू॰डी॰प्रकरण न॰, यदि कोई हो ):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी.संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary) (प्रथम सूचना तथ्य (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

इस समय एक रुक्का/शिकायत पत्र, Preliminary verification report सहित अभियोग पंजीकृत करने हेतू बदस्त आ0 नवीन कुमार के थाना में प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण इस प्रकार है,-"सेवा में, उप पुलिस अधीक्षक/प्रभारी विजीलैंस थाना नाहन जिला सिरमौर (हि0प्र0) श्रीमान जी, निवेदन इस प्रकार से है की मैंने पुराने प्रधान के कार्यकाल मे ग्राम पंचायत कोटडी ब्यास में विभिन्न कार्य हेतु वर्ष 2019, 2020 व 2021 मे मैटीरियल सप्लाई रेत बजरी आदि का कार्य किया है इसमे सप्लाई के बिलों का भुगतान जो कि लगभग 1,00,000 रुपये के करीब है। ग्राम पंचायत कोटडी ब्यास मे तैनात सचिव श्रीमति रीता गुप्ता उक्त बिलों की अदायगी नही कर रही है तथा मुझसे रिश्वत की मांग कर रही है। दिनांक 19-03-22 को सचिव रीता गुप्ता ने मुझसे कहा कि आज मैं आपकी 50-55 हजार के बिलों की अदायगी आपको कर दूंगी परन्तु इसकी एवज में आपको मुझे 16,000/ हजार रुपये कमीशन/रिश्वत के रुप में देने होंगे तथा Payment से पहले आपको Surety के तौर पर 16,000/ हजार रुपये का Blank Check देना होगा जिस पर मैंने सचिव को 16,000/ हजार का एक चेक जिसका नं. 012297 दे दिया है। जिस सचिव ने कहा की मुझे 16,000/ रुपये नकद देकर अपना चेक वापिस ले जाना। दिनांक 19-03-22 को मेरे खाता संख्या 55820100138 मे 53,200/ रुपये बिलों की राशी डाल दी गई है। तथा उक्त सचिव अब मुझसे 16,000/ रुपये रिश्वत की मांग कर रही है। जिसने मुझे दिनांक 21.03.22 को भी इसने मुझे फोन करके पैसो के लिए मांग की है। जिसकी रीकोडींग मैंने अपने फोन के मेमोरी कार्ड में सेव कर लिए है। मैं सचिव को रिश्वत की राशी नहीं देना चाहता हूँ इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए। Sd/- चमन लाल S/O मन मोहन सिंह गांव ब्यास कोटडी तह0 पांवटा साहिब जिला सिरमौर (H.P.) SI Paramjeet Singh for verification and report- Sd/- Inspector Mamta SHO PS SV&ACB Nahan dated 22.03.2022.तसदीक रिपोर्ट शिकायत पत्र अजाने श्री चमन लाल:- महोदय, राजकीय कार्य के सन्दर्भ में निवेदन है कि दिनाँक 22-03-2022 को एक शिकायत पत्र श्री चमन लाल पुत्र श्री मनमोहन सिंह, गाँव ब्यास, डाo कोटड़ी-ब्यास, तहसील पाँवटा साहिब, जिला सिरमौर (हि0 प्र0), Preliminary Verification के लिये प्रभारी थाना ने मन उप निरीक्षक को दिया था। शिकायत कर्ता श्री चमन लाल के उक्त शिकायत पत्र की Preliminary Verification मन उप निरीक्षक द्वारा अम्ल में लाई गई। शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता श्री चमनलाल ने संक्षिप्त आरोप लगाए है कि श्रीमती रीता गुप्ता, सचिव, ग्राम पंचायत कोटड़ी ब्यास, तहसील पाँवटा साहिब, शिकायत कर्ता चमनलाल जो कि निर्माण सामग्री का सप्लायर है, जिसने उक्त ग्राम पंचायत के पुर्व प्रधान के कार्यकाल में उक्त पंचायत को वर्ष 2019-20 व 2020-21 में निर्माण सामग्री (material) सप्लाई की थी, जिनके बिलों के भुगतान लगभग 50/55 हजार रूपयों की अदायगी के एवज में, पंचायत सचिव श्रीमती रीता गुप्ता, 16000/- रूपयों की धनराशि की मांग कर रही है।जिस सम्बध में उक्त सचिव नें शिकायत कर्ता श्री चमन लाल से एक Cheque (Co-operative Bank Branch Majra) जिसमें केवल राशि 16000/- रूपये भरी गई है, Surety के तौर पर अपने पास रखा है तथा शिकायत कर्ता के इस पर हस्ताक्षर हैं। तसदीक पर पाया गया कि शिकायतकर्ता श्री चमन लाल निर्माण सामग्री (रेत-बजरी) इत्यादि की सप्लाई का कार्य करता है, जिसने ग्राम पंचायत कोटड़ी-ब्यास के विकास कार्यो के निमित्त वर्ष 2019-20 व 2020-21 में लगभग एक लाख रूपये की निर्माण सामग्री की सप्लाई की है। जिसमें से पंचायत सचिव श्रीमती रीता गुप्ता, 50/55 हजार रूपयों की अदायगी हेतु शिकायतकर्ता से 16000/- रूपयों की धनराशि की माँग कर रही है। शिकायतकर्ता श्री चमन लाल के पते की भी तसदीक की गई जो तसदीक पर शिकायतकर्ता ग्राम ब्यास, डा0 कोटड़ी, तहसील पाँवटा साहिब, जिला सिरमौर (हि0 प्र0) का स्थाई निवासी पाया गया। तसदीक के दौरान यह भी पाया गया कि आरोपी/संदिग्ध श्रीमती रीता गुप्ता पिछले करीब दो या ढाई वर्षो से ग्राम पंचायत कार्यालय कोटड़ी- ब्यास में बतौर पंचायत सचिव कार्यरत है। शिकायत कर्ता तथा आरोपी/संदिग्ध के बीच कोई आपसी रंजिश या कानूनी विवाद नहीं है। आरोपी के चरित्र की तसदीक गुप्त रीति से की गई तो पाया गया कि आरोपी/संदिग्ध अवैध रूप से रिश्वत लेने की गतिविधियों में संलिप्त है। आरोपी/संदिग्ध सचिव श्रीमती रीता गुप्ता के विरूद्ध काम में टाल-मटोल करने के बारे पहले भी शिकायत हुई है। शिकायतकर्ता श्री चमन लाल से पैसों की मांग के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता के पास Audio Recording इसके मोबाईल फोन के मेमोरी कार्ड में मौजूद है जो मन उप निरीक्षक नें यह ऑडियो रिकार्डिंग सुनी, जिसमें भी, आरोपी/संदिग्ध श्रीमती रीता गुप्ता, शिकायत कर्ता से उक्त कार्य के एवज में पूर्व में निर्धारित पैंसो/रिश्वत देने की मांग कर रही है। आज दिनाँक 24-03-2022 को भी आरोपी/संदिग्ध रीता गुप्ता नें शिकायत कर्ता श्री चमन लाल से पैसों की माँग की है। जो शिकायत पत्र की Preliminary Verification के पश्चात शिकायत पत्र में लगाए गये आरोपों की पुष्टि होना पाया गया है। जो शिकायत पत्र Preliminary Verification के आधार पर आरोपी का कृत्य जुर्म निम्न धारा 7 भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम 1988 (As amended in 2018) की जद में आना पाया जा रहा है। अतः आरोपी श्रीमती गुप्ता, सचिव, ग्राम पंचायत कोटड़ी-ब्यास तह0 पाँवटा साहिब के विरूद्ध मुकद्दमा U/S 7 P.C. Act में दर्ज करने की अनुशंसा की जाती है। अतः Preliminary Verification Report आगामी

कार्यवाही हेतु सेवा में प्रेषित है। Sd/-परमजीत सिंह (उप निरीक्षक) E.O. थाना रा0स0एवं भ्र0 रोधी ब्यूरो, नाहन, जिला सिरमौर (हि0 प्र0) दिनाँक, 24-03-2022 कार्यवाही मौकाः- सेवा में, प्रभारी थाना SV&ACB नाहन जिला सिरमौर । विषयः- शिकायत पत्र श्री चमन लाल में अभियोग पंजीकृत करने के सन्दर्भ में । श्रीमान जी, राजकीय कार्य से निवेदन है कि दिनांक 22.03.2022 को शिकायतकर्ता श्री चमन लाल पुत्र श्री मनमोहन सिंह, गाँव ब्यास, डा0 कोटड़ी-ब्यास, तहसील पाँवटा साहिब, जिला सिरमौर ने सचिव ग्राम पंचायत व्यास कोटड़ी, श्रीमति रीता गुप्ता द्वारा रिश्वत की मांग करने के सन्दर्भ में महोदय को दिया था जिसे महोदय द्वारा प्री-वैरिफिकेशन के लिये उप-निरीक्षक परमजीत सिंह को सौंपा था । ईमरोज इसी शिकायत पत्र की तसदीक हेतु मन निरीक्षक मय हमराही मुलाजमानों के महोदय के आदेशानुसार मुताविक रपट न. 02 रोजनामचा हजा के नजद कनिषका होटल नजद रैन बैकसी चौक मौजूद था, तो उप निरीक्षक परमजीत सिंह ने शिकायत पत्र श्री चमन लाल उपरोक्त की वेरिफिकेशन रिपोर्ट मन निरीक्षक के पेश की जो तहरीर शिकायत पत्र व वेरिफिकेशन रिपोर्ट उपरोक्त से आरोपी/संदिग्ध श्रीमति रीता गुप्ता सचिव ग्राम पंचायत कोटडी ब्यास के विरुद्ध जुर्म जेर धारा 7 of P.C. Act 1988 का वकुह में आना पाया जा रहा है, शिकायत पत्र व वेरिफिकेशन रिपोर्ट को बदस्त आरक्षी नवीन कुमार के मुकदमा दर्ज करने हेतू थाना भेजा जा रहा है। मुकदमा दर्ज करके मुकदमा नम्बर से सूचित करें । मन निरीक्षक कार्यवाही मौका मे मशरुफ होता हूँ। Sd/- Insp. Moti Singh PS SV&ACB Nahan Distt Sirmour Camp at Hotel Kanishka Near Ranbaxy Chowk Dt. 24/3/2022 at 2.40 PM. कार्यवाही अज थानाः- आमदा शिकायत पत्र, प्रीवैरिफिकेशन रिपोर्ट व रुक्का हरुफ ब हरुफ जब्ते तहरीर में लाया गया। मजमून वाला से जुर्म जेर धारा 7 of PC Act 1988 (as amended in 2018) का वकूह में आना पाया जाकर अभियोग पंजीकृत थाना हजा किया गया। FIR हजा की जरुरी कापियां तैयार की जा रही हैं। जो बगर्ज मुलाहजा अफसरानवाला की सेवा में भेजी जा रही हैं। FIR को ही Special Report समझा जाए। FIR की प्रति इसी समय बदस्त मा0 मु0 आ0 रविन्द्र सिंह के सूचनार्थ Ld. Special Judge Nahan की सेवा में भेजी जा रही है तथा मिसल मुकदमा तैयार करके आ0 नवीन कुमार के पास दी जाकर मौका जाय वकूह का रवाना किया जा रहा है।

**13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही: चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं.2.में उल्लेख धारा के तहत है |):**

**(1) Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):**

**or (या)**

**(2) Directed (Name of I.O.):(जांच अधिकारी का नाम ):** Moti Singh Thakur **Rank (पद):** INSP. (Inspector)
**No(सं.):** NA **to take up the Investigation (को जांच आपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया )**

**(3) Refused investigation due to(जांच के लिए):**
**or (के कारण इंकार किया या)**

**(4) Transferred to P.S.** **District(ज़िला):**
**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित)**

**F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी |)**
**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)**

**14. Signature/Thumb impression of the complainant / informant.**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

Signature/हस्ताक्षर

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name(नाम):** Mamta
**Rank (पद):** INSP. (Inspector)
**No(सं.):** NA

**15. Date and time of dispatch to the court**
**(अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**